बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 172/2024

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) का प्रवेश–पत्र निर्गत करने तथा परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचित किया जाता है कि माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) **दिनांक 18.05.2024 से 29.05.2024 एवं दिनांक 11.06.2024 से 20.06.2024 तक** दो पालियों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर Computer Based Test (CBT) के माध्यम से आयोजित होगी, जिसका कार्यक्रम निम्नवत् है:–

पाली	प्रथम पाली	द्वितीय पाली
Reporting Time	पूर्वाह्न 08:30 बजे	अपराह्न 01:30 बजे
Gate Closing Time	पूर्वाह्न 09:30 बजे	अपराह्न 02:30 बजे
ExamTime	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक	अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 05:30 बजे तक
Exam Time for Differently Abled	पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:20 बजे तक	अपराह्न 03:00 बजे से अपराह्न 06:20 बजे तक

2. माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) के पेपर–I का प्रवेश–पत्र दिनांक 11.05.2024 को समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर अपलोड कर दिया गया है। संबंधित अभ्यर्थी अपने यूजर आई0डी0 Application No. एवं पासवर्ड के रूप में अपना जन्मतिथि (dd-mm-yyyy) का उपयोग कर समिति के उक्त वेबसाईट से अपना मूल प्रवेश–पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 (प्रथम) के **पेपर– II का प्रवेश–पत्र माह–जून के प्रथम सप्ताह में समिति के उक्त वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।**

3. अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने में अथवा प्रवेश–पत्र से संबंधित अन्य किसी प्रकार की कठिनाई हो तो संबंधित अभ्यर्थी **हेल्पलाईन नम्बर– 011-35450941** पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा **Helpdesk E-mail ID : helpdeskbiharboardedu@gmail.com** पर सूचना/शिकायत भेजी जा सकती है।

4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा की तिथि के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का Location अवश्य ज्ञात कर लें, ताकि परीक्षा तिथि के दिन परीक्षा केन्द्र पर जाने में कोई कठिनाई न हो।

5. अभ्यर्थियों को इस परीक्षा के पूर्व Computer Based Test (CBT) अभ्यास हेतु प्रवेश पत्र पर URL/LINK अंकित है। संबंधित अभ्यर्थी उस URL/LINK पर Click कर CBT का अभ्यास कर सकते हैं।

6. उक्त परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निदेश परीक्षार्थियों के प्रवेश–पत्र पर अंकित है। परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि प्रवेश–पत्र पर अंकित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)